**JALAUN POLICE**

**दिनांक- 17.01.2026**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति केन्द्र थाना डकोर जनपद जालौन द्वारा मानसिक रूप से कमजोर 01 अन्तर्राज्यीय महिला के परिजनों का पता लगाकर महिला को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद के थानों पर शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की गयी थी। जिसमें उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उपरान्त मिशन शक्ति केन्द्रों पर अधिकारी/कर्मचारीगण की नियुक्ति की गयी थी। जिनके द्वारा मिशन शक्ति केन्द्रों पर आने वाली पीडिताओं/फरियादियों की समस्याओं का कुशल तरीके से निराकरण किए जाने के निर्देश दिये गये थे। जिसकी मॉनिटरिंग स्वंय पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा की जा रही है, जिससे बेहतर व सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 17.01.2026 को मिशन शक्ति टीम थाना डकोर द्वारा प्रतिदिन की भांति क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर छात्राओं/बालिकाओं/महिलाओं को जागरुक किया जा रहा था, इसी दौरान ग्राम डकोर में एक मानसिक रूप से कमजोर महिला घूमती हुई दिखाई दी, जिस पर मिशन शक्ति टीम द्वारा उक्त महिला से पूछताछ की तो वह अपना नाम व पता बताने में असमर्थ रही। महिला सुरक्षार्थ हेतु उक्त महिला को मिशन शक्ति केन्द्र थाना डकोर लाया गया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी द्वारा उक्त महिला से पूछताछ की गयी तो महिला ने अपने प्रदेश व जिले का नाम बताया। जिसके आधार पर मिशन शक्ति केन्द्र थाना डकोर द्वारा कई जनपदों के कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क किया गया, जिसके फलस्वरूप उक्त महिला के जनपद(भिण्ड, म0प्र0) का नाम पता चल सका। तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र थाना डकोर जनपद जालौन द्वारा अथक प्रयासों से जनपद भिण्ड के कन्ट्रोल रूम व कई थानों से सम्पर्क करते हुए अंततः महिला के परिजनो का पता लगाया गया।

उपरोक्त महिला की पहचान श्रीमती सुशीला पत्नी पान सिंह उम्र करीब 30 वर्ष निवासी कस्बा व थाना महगांव जनपद भिण्ड म0प्र0 एवं पुत्री रुकम सिंह बघेल निवासी ग्राम विजयगण थाना पावई जिला भिण्ड म0प्र0 के रूप में हुई। महिला के पिता रुकम सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि यह मेरी पुत्री है। जिसका दिमागी संतुलन ठीक नही है। जो दिनांक 11.11.2025 को अपनी ससुराल कस्बा मेहगाँव थाना मेहगाँव जिला भिण्ड म0प्र0 से बिना बताये कहीं चली गयी थी। जिसका कोई पता नही चला था। तब मैंनें दिनांक 15.11.2025 को थाना मेहगाँव जिला भिण्ड, म0प्र0 पर गुमशुदगी नं0 43/25 दर्ज करायी थी।

अपनी गुमशुदा पुत्री के मिलने पर उक्त महिला के परिवारीजन द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**जालौन पुलिस का यह अभियान निरन्तर जारी है। जालौन पुलिस आपकी सेवा में 24*7 तत्पर है।**